मदर्स डे : बच्चों ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड और बुक्के, सांस्कृतिक कार्यक्रम से जताया मां के प्रति प्यार

# मां खुद भूखे रहकर भरती है बच्चों का पेट, उसका दर्जा भगवान से भी ऊंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने मां के प्रति अपने विचार रखे तथा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने मां के लिए ग्रीटिंग कार्ड व बुक्के बनाकर भावनाएं व्यक्त की।

स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन घनश्याम सिंह शर्मा ने सभी को मातृ दिवस की बधाई दी। कहा कि भगवान से भी ऊंचा होता है मां का दर्जा। क्योंकि मां ही होती है जो हमें हर परिस्थिति में खुश देखना चाहती है तथा स्वयं भूखी रहकर अपने बच्चों का पेट भरती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मां पर आधारित गीतों पर नृत्य कर अपनी अभिव्यक्तियां दी। बच्चों ने चंदा है तू, चंदनिया लोरी लोरी, मां का प्यारए मेरी मां मेरा रब, मुझे माफ करना, ओ प्यारी मां, रब वी मां जैलस करदा, तेरी उंगली पकड़ कर चला तथा तू कितनी अच्छी है गीतों पर प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। बच्चों ने सुंदर व आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड, बुक्के व वॉल हैंगिंग बनाए। मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की भी कमी नहीं है तथा सभी बच्चे अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं। जरूरत है बच्चों को समय समय पर अपने संस्कारों से जोड़कर रखने की। इसलिए विद्यालय में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ताकि कल का भविष्य बच्चे अपनी सभ्यता व संस्कृति से जुड़े रहें। मंच का संचालन अध्यापिका अनुराधा ने किया। मौके पर ममता शर्मा, इन्द्रप्रीत कौर, सतबीर कौर, मधु शर्मा, अंशिका, दलविन्द्र कौर, इन्द्रजीत कौर, पायल, सुमन शर्मा, निवृति, नीतू व अल्का साहनी मौजूद थे।

## मातृत्व को समर्पित कार्यक्रम से बांधा समां

**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुरदी में शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती एवं मातृत्व दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या दीपमाला कांबोज एवं चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मातृत्व दिवस के अवसर पर माँ के त्याग, प्रेम, स्नेह एवं देखभाल को समर्पित सुंदर कविताएँ एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने विभिन्न रोल प्ले एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से माँ और बच्चों के अटूट रिश्ते को दर्शाया। छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया तथा यह संदेश दिया कि मां को भगवान से भी ऊँचा दर्जा क्यों दिया जाता है। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करने के लिए सुंदर थैंक यू कार्ड्स भी तैयार किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप जी के जीवन, उनके साहस, संघर्ष एवं वीरता पर आधारित कविताएँ एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। प्राचार्या दीपमाला कांबोज ने विद्यार्थियों को मातृत्व दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए।



यमुनानगर। स्टारवे स्कूल खुरदी में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे।

## मां होती है हमारे जीवन की पहली गुरु

- मदर्स डे पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के जरिए मां के प्रति व्यक्त कीं अपनी भावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में मां को समर्पित कार्ड दिखाते बच्चे।

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए भाग लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिका ने बताया कि स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने स्लोगन राइटिंग, कार्ड मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, बुके तैयार करना, फ्लावर मेकिंग, कविता पाठ, गीत एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों और कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक कार्ड, पोस्टर और फूलों के गुलदस्ते सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रधानाचार्या मोनिका ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। बच्चों द्वारा इस प्रकार अपनी भावनाओं को व्यक्त करना अत्यंत सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संस्कार, संवेदनशीलता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। मौके पर विद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। मदर्स डे केवल एक उत्सव नहीं है। बल्कि मातृत्व के सम्मान और त्याग को नमन करने का अवसर है।

## खबर संक्षेप



### सौ मीटर दौड़ में सुहर्ष कांबोज को प्रथम स्थान

**रादौर।** रादौर के जेएमआईईटीआई शिक्षण संस्थान के खिलाड़ियों ने गत दिवस कुरुक्षेत्र विवि द्वारा द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

शर्मा ने बताया कि गत दिवस द्रोणाचार्य स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिनमें उनके संस्थान के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की सौ मीटर दौड़ में उनके संस्थान के छात्र सुहर्ष कांबोज ने प्रथम स्थान व 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। छात्र युवराज देवगन ने 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शर्मा ने कहा कि जेएमआईईटीआई शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दे रहा है।

स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निगम ने की कार्रवाई

# खुले में फैला रखी थी गंदगी कटा चालान, मिली चेतावनी

प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी हुआ एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई करती निगम टीम।

शहर में अतिक्रमण करने व गंदगी डालकर वातावरण में गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम प्रशासन सख्त हो गया है। इस कार्रवाई के चलते नगर निगम जगाधरी की टीम ने शहर की श्याम सुंदरपुरी कॉलोनी में पशु डेयरी व गुलाब नगर में शराब ठेके समेत छह दुकानदारों के चालान किए। निगम ने यह कार्रवाई खुले में गंदगी डालने, अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर की। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने शहर में स्वच्छता नियमों की उल्लंघना करने वालों को कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देश पर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक अमित कांबोज, सफाई निरीक्षक पंकज, सुरेंद्र कुमार, मोनी कुमार होमगार्ड के जवानों के साथ सबसे पहले श्याम सुंदरपुरी कॉलोनी में पहुंचे। यहां एक डेयरी संचालक द्वारा गली व सड़क पर गोबर फेंक रखी थी। निगम की टीम ने डेयरी संचालक का चालान किया। यहां से टीम गुलाब नगर पहुंची। यहां शराब ठेके के बाहर गंदगी मिली। जिस पर निगम की टीम ने ठेके के कारिंदे का चालान किया और मौके की सफाई करवाई। निगम टीम ने गुलाब नगर चौक पर प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर दुकानदार का चालान किया। इसके बाद टीम ने गुलाब नगर पार्क रोड से अतिक्रमण हटाया। यहां कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था। अतिक्रमण करने पर निगम की टीम ने यहां दो दुकानदारों के चालान किए। वहीं, एक दुकानदार का गंदगी फैलाने पर चालान किया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि नगर निगम की ओर से ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जबकि नियमों का पालन करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### स्वच्छता नियमों की न करें अवहेलना

निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह ने दुकानदारों को कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना न केवल स्वच्छता नियमों की अवहेलना है। बल्कि इससे शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध है और इसका उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सफाई निरीक्षक अमित कांबोज ने आमजन से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों व दुकानदारों से कचरे को निर्धारित स्थान पर डाले जाने और गीले सूखे कचरे को अलग अलग रखे जाने की अपील की। इसके साथ ही कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने की सलाह दी। ताकि प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को कम किया जा सके।


यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते संस्थान के निदेशक। फोटो : हरिभूमि

## बीबीए : जेएमआईटी की ईशिका को विवि स्तर पर मिला प्रथम स्थान

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन विभाग के बीबीए विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। बीबीए अंतिम वर्ष की विद्यार्थी ईशिका ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि अंजलि, नूपुर, पलक, पारुल, प्राची, प्रेरणा गुप्ता, राधिका, रोहन वर्मा एवं साहज गाबा ने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों अनुष्का, निर्मित एवं तुषिका ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अक्षित कांबोज एवं रिया ने विश्वविद्यालय में षष्ठम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। डॉ.गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह उत्कृष्ट परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ.अनुजा गोयल एवं बीबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## एमबीए : जेएमआईटी की आंचल ने विवि में हासिल किया दूसरा स्थान


आंचल


भंवर

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन विभाग के एमबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान हासिल संस्थान का नाम रोशन किया है। इस दौरान विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम में मेरिट सूची में स्थान बनाकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने परीक्षा परिणाम में मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि उनके संस्थान की छात्रा आंचल ने एमबीए अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा छात्र देव कुमार व दीक्षा ने सातवां स्थान हासिल किया है। जबकि भंवर भाटिया व तन्वी ने मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से संस्थान में हर्ष का माहौल है। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जेएमआईटी सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनुजा गोयल व एमबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में बड़ी सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की।

# विद्यार्थियों ने वृद्ध आश्रम का किया भ्रमण


यमुनानगर। लाडवा में वृद्धाश्रम में भ्रमण के दौरान बुजुर्गों के साथ बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**यमुनानगर।** श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंग के विद्यार्थियों का सेठानी श्याम के जन्मदिवस के उपलक्ष में वृद्ध आश्रम लाडवा का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने न केवल वहां रहने वाले वृद्धों से आत्मीय बातचीत की। बल्कि उनके लिए उपयोगी वस्तुएं जैसे कपड़े, खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामान भी भेंट किया। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण करवाए जाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों द्वारा वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का आर्शीवाद लेना और उनसे आत्मीयित का भाव दर्शाना रहा। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ वृद्धों ने जहां अपने अनुभव सांजा किए । वहीं, कुछ बुजुर्गों ने मधुर गीत सुनाकर बच्चों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों ने भी कविताएं व गीत प्रस्तुत कर बुजुर्गों को भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यार्थियों ने वृद्धों के साथ समय बिताकर उन्हें सम्मान और अपनापन महसूस कराया। जब बच्चे वापस लौटे तो वृद्ध आश्रम में उपस्थित कई बुजुर्गों की आंखें नम हो गई। जो इस भावनात्मक जुड़ाव का सजीव प्रमाण था। उन्होंने बताया कि श्यामा पब्लिक स्कूल समय समय पर इस प्रकार के सामाजिक व मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवेदनशीलता सेवाभाव और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

## शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का किया ज्ञानवर्धन

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को पैनोरमा विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र का भ्रमण करवाकर आवश्यक जानकारियां सांझा की गई। कोऑर्डिनेटर सपना ने बताया कि स्कूल की ओर से कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत पैनोरमा विज्ञान केंद्र, श्री कृष्ण संग्रहालय व चिड़ियाघर का भ्रमण करवाया गया। शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पैनोरमा विज्ञान केंद्र में विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल, आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक प्रयोगों को बड़े उत्साह के साथ देखा और उनके कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। वहीं श्रीकृष्ण संग्रहालय में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, महाभारत कालीन संस्कृति, भारतीय सभ्यता से जुड़ी दुर्लभ कलाकृतियों व चित्रों का अवलोकन किया। चिड़ियाघर में बच्चों ने विभिन्न पशु-पक्षियों को नजदीक से देखा तथा वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझा। इस दौरान बच्चों में विशेष उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। स्कूल की प्रधानाचार्य रितु सिंगला ने कहा कि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करने से विज्ञान के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ती है।



## जनगणना : गोपनीय रखी जाएगी नागरिकों से मिली जानकारी

**यमुनानगर।** जिला में जनगणना का पहला चरण सुचारु रुप से किया जा रहा है। जनगणना का पहला चरण 30 मई तक जारी रहेगा। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उन्होंने जिलावासियों को जनगणना के कार्य में लगे कर्मचारियों को बिना किसी झिझक के सही एवं पूरी जानकारी देने के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने नागरिकों को आश्वासन दिया कि उन द्वारा दी गई जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जनगणना के लिए आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को नागरिक सहयोग दें। वह उन्हें बिना किसी झिझक के सही एवं पूरी जानकारी दें। उन्होंने बताया कि पहले चरण में मकानों का सूचीकरण किया जा रहा है। जिसमें आवासीय, गैर आवासीय और सह आवासीय भवन शामिल हैं। इसके तहत रिहायशी मकानों के साथ साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान और सभी प्रकार के धार्मिक भवनों का भी सर्वे किया जाएगा। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सेंसस एक्ट 1948 के तहत जनगणना कर्मियों और अधिकारियों को अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से निभानी होगी। यदि कहीं भी लापरवाही सामने आती है तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ सजा और जुर्माने सहित कार्रवाई की जाएगी। यह नियम नागरिकों पर भी लागू होता है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे जनगणना टीम के साथ शालीनता और सहयोगपूर्ण व्यवहार करें। उपायुक्त प्रीति ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

- पुलिस ने आरोपी दो भाइयों के खिलाफ किया विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दो भाइयों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 45 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात मई को सुबह आठ बजे वह अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही खुदाबक्श व अकबर उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। आरोपियों के जाने के बाद उसने घटना के बारे में परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने महिला के बयान पर दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

सफाई कर्मियों की हड़ताल को मिला कांग्रेस का समर्थन

# गैर वाजिब नहीं है कर्मचारियों की मांग, उसे पूरा करना होगा

कई दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। धरना स्थल पर नपा सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन की घोषणा करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमन त्यागी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की पिछले कई दिन से चल रही हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नपा के धरना स्थल पर पहुंचकर पार्टी का समर्थन दिया। मौके पर नगर पालिका कर्मचारियों ने समर्थन दिए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

शुक्रवार सुबह भी पिछले कई दिन की तरह सैंकड़ो नगर पालिका के सफाई कर्मचारी धरना स्थल पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान पपला ने कहा कि वह पिछले कई दिन से हड़ताल कर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर सरकार की नींद खोलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मगर अभी तक सरकार ने उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने सरकार से मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को तब बल मिला जब कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष व गत विधानसभा चुनाव के दौरान यमुनानगर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे रमन त्यागी अपने सैंकड़ो के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों को पार्टी का समर्थन दिया। कांग्रेस नेता रमन त्यागी ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सफाई कर्मचारी दिन रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ रखने का काम करते हैं। मगर उन्हें सरकार द्वारा परेशान किया जा रहा है। रमन त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी हर लड़ाई में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग जायज है। उसे पूरा करना होगा। उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता। धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों ने भी सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर संजीत तिगरा, सन्नी, रमन वैध, सोरन, श्याम लाल, अमित, संजय डुलगच, संजय गहलोत, कमलेश, जीतो व सुनील आदि मौजूद रहे।



## जिलेभर के स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया मातृ दिवस व रेडक्रॉस डे

# विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर माता के विभिन्न स्वरूपों व त्याग को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें भाषण, नृत्य, कविता एवं लघु नाटिका प्रमुख रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन तन्नू जल्होत्रा द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। कक्षा दसवीं की छात्राओं ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर वर्तमान समाज में बच्चों को माता के महत्व से अवगत कराया तथा सभी को माता के प्रति आदर एवं अच्छे व्यवहार की प्रेरणा दी। उनकी प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा छठी एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने समूह गीत के माध्यम से माताओं को नमन करते हुए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ दिवस केवल एक दिन नहीं होता, बल्कि माता का सम्मान प्रतिदिन किया जाना चाहिए। माँ का स्थान सर्वोच्च होता है और उसके महत्व को समझने के लिए किसी विशेष कार्यक्रम की आवश्यकता नहीं होती।




### डीएवी स्कूल सेक्टर-3 में मां के असीम प्रेम को दर्शाया

कुरुक्षेत्र। डीएवी स्कूल सेक्टर-3 में विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं मदर्स डे का संयुक्त रूप से भावपूर्ण आयोजन किया गया। दोनों अवसरों का मुख्य संदेश निस्वार्थ सेवा, करुणा और मानवता रहा। कार्यक्रम की शुरूआत विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मानवता की सेवा, निष्पक्षता और दयालुता के संकल्प के साथ हुई। इस अवसर पर उन सभी स्वयंसेवकों को नमन किया गया, जो संकट की घड़ी में दूसरों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। यह संदेश दिया गया कि रेड क्रॉस अजनबियों की सेवा करता है और मां अपने परिवार की, दोनों ही हमें सिखाते हैं कि करुणा ही सबसे बड़ी शक्ति है। मदर्स डे के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा भावनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। एक हृदयस्पर्शी कविता द्वारा माँ के असीम प्रेम और त्याग को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक घूंघट से उड़ान तक रहा, जिसमें मां की प्रेरणादायक यात्रा को दशार्या गया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे पहले मां परिवार की शांत शक्ति के रूप में घूंघट के पीछे अपनी भूमिका निभाती थीं, और आज वही मां सीईओ, डॉक्टर, शिक्षिका, अंतरिक्ष यात्री और संवेदनशील देखभालकर्ता के रूप में समाज में अपनी बहुआयामी पहचान बना रही हैं। स्कूल प्राचार्या गीतिका जसूजा ने अपने शब्दों में सभी छात्रों और स्टाफ को मदर्स डे की शुभकामनाएँ दी। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक एवं भावनात्मक रूप से यादगार रहा।

### गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में मनाई महाराणा प्रताप जयंती और रेडक्रॉस डे



कुरुक्षेत्र। 8 मई को गीतानिकेतन आवासीय विद्यालय में महाराणा प्रताप जयंती और वर्ल्ड रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट डे मनाने के लिए एक खास प्रातः कालीन वंदना रखी गई थी। प्रोग्राम का मकसद समाज के प्रति बहादुरी, इंसानियत और सेवा का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान, स्टूडेंट्स ने महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि दी और उनके साहस, बलिदान और देश के प्रति प्यार के बारे में जानकारी शेयर की। स्टूडेंट्स को उनकी ईमानदारी, बहादुरी और लगन के मूल्यों को मानने के लिए हिम्मत दी गई। वर्ल्ड रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट डे के मौके पर, क्लास 9-इ2 के स्टूडेंट्स ने इमरजेंसी और मुश्किल समय में जरूरतमंद लोगों की मदद करने के महत्व पर एक अवेयरनेस प्रोग्राम पेश किया। उन्होंने मेडिकल मदद और आपदा राहत सर्विस देने में रेड क्रॉस की भूमिका के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दूसरों की मदद करने, समाज की सेवा करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों ने फेवीक्रिल के साथ बनाए खूबसूरत ज्वेलरी बॉक्स



कुरुक्षेत्र। दिल्ली पब्लिक स्कूल में /"मदर्स डे /"का उत्सव बड़े ही रचनात्मक अंदाज में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर/" फेवीक्रिल/" की ओर से एक विशेष आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने अपने माता के लिए उपहार के रूप में आकर्षक /"ज्वेलरी बॉक्स/" बनाना सीखा। कार्यशाला के दौरान /"फेवीक्रिल/" के विशेषज्ञ श्रीमती आशा वर्मा ने बच्चों को पुराने डिब्बो को रिसाइकल करके कलात्मक रूप देने के गुर सिखाए। स्कूल की प्रधानाचार्य जी ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य न केवल बच्चों के कलात्मक कौशल को निखारना था बल्कि उन्हें अपनी भावनाओं को कला के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर देना भी था।

### एसडी गर्ल्स स्कूल में बच्चों ने नाटक किया प्रस्तुत



कुरुक्षेत्र। एस.डी.गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने कविताओं एवं प्रेरणादायक स्लोगनों के माध्यम से माँ के त्याग, ममता और समर्पण का सुंदर वर्णन किया। विद्यालय की कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटिकाओं ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि माँ का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है तथा उनका सम्मान करना प्रत्येक संतान का प्रथम कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण भावनाओं से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विकास शर्मा, मंजू शर्मा, प्रधानाचार्या रिम्मी बठला, उप प्रधानाचार्या अंजलि सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निर्माण करना ही लक्ष्य : गाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया जिसमें डॉ ममता सूद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा विनोद सूद भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहे। विद्यार्थी परिषद के सदस्यों द्वारा सभी अभिभावकों एवं मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा एवं को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी ने सभी अभिभावकों को प्रशस्ति पट्टिका पहनाई तथा पौधे भेंट किए। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु संचालित योजनाओं से अवगत कराना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने सभी अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठयक्रम गतिविधियों, वार्षिक समारोह, खेलकूद प्रतियोगिताओं, परीक्षा प्रणाली, अनुशासन एवं विद्यालय के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी अभिभावकों का धन्यवाद को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी ने किया। मंच संचालन मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा ने किया।




कुरुक्षेत्र। अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत करती छात्राएं।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया मातृ दिवस



कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर- 3 विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बालकों के मन में अपनी मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम जगाना तथा माताओं को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना स्तर में दीप प्रज्वलन के साथ दयानंद सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नन्हे मुन्ने छात्रों ने अपनी प्रस्तुति के द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय आचार्या कविता दत्त ने छात्रों को बताया कि- मां एक ऐसा शब्द है, जिसमें सारा संसार व्याप्त है। संसार को चलाने वाली बच्चों के लिए संसार से लड़ जाने वाली एक मां होती है। मां अपना पूरा जीवन अपने परिवार के लिए समर्पित कर देती है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य सोमनाथ चौधरी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और बताया कि जिंदगी में पहली शिक्षक मां होती है और जिंदगी में पहली दोस्त भी मां होती है। जिंदगी देने वाली भी मां ही होती है।मां अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहती है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारा विद्यालय नन्हें बालकों में संस्कार डालने के लिए सदा प्रयत्नशील रहता हैं।

## मलखंभ में गुरुकुल के वत्सल आर्य का प्रदेश में तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में हुए राज्य स्तरीय खेल महोत्सव में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र वत्सल आर्य ने शानदार मलखंभ का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। वत्सल को पंजाब के पूर्व एडवोकेट जनरल रहे अनमोल रत्न सिद्धू द्वारा पुरस्कृत किया गया। गुरुकुल पहुंचने पर वत्सल का जोरदार स्वागत हुआ। प्रधान राजकुमार गर्ग सहित निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने प्रदेश स्तर पर गुरुकुल की ख्याति बढ़ाने पर वत्सल और मलखंभ कोच अनिल आर्य को बधाई व शुभकामनाएं दीं। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि पंजाब यूनिवर्सिटी एवं खेलो इंडिया द्वारा 5वें भारतीय पारम्परिक खेल एवं खेलकूद महोत्सव 2026 का आयोजन यूनिवर्सिटी कैम्पस में किया गया जिसमें गतका, मलखंभ, मलयुद्ध, गिल्ली-डंडा, कबड्डी, खो-खो, लाठी, रस्सीकूद, योग जैसे 15 से अधिक पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहित किया गया।



महोत्सव में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र वत्सल आर्य ने मलखंभ प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर अपने गुरुजनों का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्त्व है और खेल से बच्चे के शारीरिक विकास के साथ-साथ उसके अन्दर टीम भावना और आपसी भाईचारा उत्पन्न होता है, गुरुकुल में सभी बच्चे नियमित रूप से गेम्स में भाग लेते हैं और ग्राउंड पर खूब पसीना बहाते हैं।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते बुद्धिजीवी।

### विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की दी जानकारी

कुरुक्षेत्र। शुक्रवार को गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन रोड में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं विशेष रूप से यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देना तथा गणित विषय में आसान एवं शॉर्ट ट्रिक सीखाना था। कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में मानवेंद्र सिंह, अर्जुन राणा तथा पंकज शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्या सुमन बाला ने स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। मानवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, समाचार - पत्र पढ़ने की आदत तथा आत्मविश्वास बनाए रखने जैसी महत्वपूर्ण बातें बताई। अर्जुन राणा ने विद्यार्थियों को गणित के प्रश्नों को कम समय में हल करने के लिए कई उपयोगी शॉर्ट ट्रिक सिखाए। उन्होंने बताया कुछ बिंदुओं पर विद्यार्थियों को विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रत्येक कक्षा की एनसीआरटी की पाठ्य पुस्तक को विस्तार से पढ़ना, प्रतिदिन कम से कम 4 घंटे तन्मयता से पढ़ना, एक डायरी बनाना जिसमें प्रतिदिन क्या-क्या करना है और क्या कर लिया, यह लिखना आदि करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रश्न पूछ कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### कुरुक्षेत्र वेद पाठशाला के नवनिर्मित द्वितीय तल का लोकार्पण कल

कुरुक्षेत्र। श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र वेद पाठशाला एवं छात्रावास के नवनिर्मित द्वितीय तल का लोकार्पण 10 मई रविवार को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। श्रीमहंत बंसीपुरी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के पूर्व प्रधान एवं कार्यकारिणी सदस्य जयनारायण शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने बताया कि सभा द्वारा लगभग तीन दशक पूर्व सभा के तत्कालीन प्रधान जयनारायण शर्मा के प्रयासों से कुरुक्षेत्र वेद पाठशाला एवं छात्रावास का शुभारंभ सन्निहित सरोवर पर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में किया गया था। जयनारायण शर्मा के मार्गदर्शन में यह वेद पाठशाला सुचारू रूप से चल रही है। इस वेद पाठशाला के संस्थापक आचार्य स्व. बलराम शांडिल्य थे



कुरुक्षेत्र। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज से सम्मान ग्रहण करते हुए स्कूल प्रिंसिपल एन सिंह एवं राजेश सिंगला।

### डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को प्रतिष्ठित स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। किसी भी संस्था की उपलब्धियों एवं सफलता का श्रेय उसमें मेहनत से कार्य करने वाली लोगों की मेहनत एवं प्रतिभा को होता है। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के उद्देश्य से स्थापित डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं युक्त भव्य परिसर एवं श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण के लिए हालही में प्रतिष्ठित स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज द्वारा प्रदान किया गया। यह गौरवपूर्ण सम्मान स्कूल प्रिंसिपल एन सिंह एवं श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने प्राप्त किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल की स्थापना के अल्पकाल में ही शिक्षा, खेल, विज्ञान, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में अनेकों उपलब्धियों के लिए खुली सराहना की है।

### मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज केसः हाईकोर्ट ने दलीलों के बाद फैसला रखा सुरक्षित



कुरुक्षेत्र। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल शाहाबाद मारकंडा केस की शुक्रवार को सुनवाई हुई। जथेदार दादूवाल के सहायक भाई जगमीत सिंह बराड़ ने मीडिया को बताया कि हाईकोर्ट में आज हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से हमारे वरिष्ठ वकील गौरव चोपड़ा और वकील आर. एस. सोही पेश हुए और उन्होंने अपना मजबूत पक्ष रखा। शिरोमणि कमेटी की ओर से उनके वरिष्ठ वकील पुनीत बाली और हनीमा गरेवाल पेश हुए और उन्होंने अपना पक्ष रखा। माननीय जस्टिस जगमोहन बंसल द्वारा दोनों पक्षों की लगभग डेढ़ घंटे तक दलीलें सुनी गईं, जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया। अब हाईकोर्ट किसी भी समय फैसला सुना सकती है। केस की सुनवाई के लिए आज हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन जथेदार बलजीत सिंह दादूवाल, सरदार गुरमीत सिंह रामसर वरिष्ठ मीत प्रधान, सरदार गुरबीर सिंह तलाकौर जूनियर मीत प्रधान, सरदार जगतार सिंह मान मिठड़ी अंतरंग सदस्य, सरदार दीदार सिंह नलवी वरिष्ठ सदस्य, बीबी करतार कौर शाहाबाद मारकंडा सदस्य, जथेदार स्वर्ण सिंह बुंगा टिब्बी पंचकूला सदस्य, सरदार रजिंदर सिंह बराड़ा सदस्य, सरपंच भूपिंदर सिंह लाडी प्रधान सदस्य प्रतिनिधि बीबी कपूर कौर सौंकड़ा तथा सचिव सरबजीत सिंह जम्मू गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाढा साहिब पंचकूला में पहुंचे हुए थे।

**कार्यक्रम** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर लगाया रक्तदान शिविर

## रक्तदान सिर्फ दान नहीं, बल्कि जीवन देने का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

विश्व थैलेसीमिया दिवस के मौके पर आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल और रोटरी क्लब शाहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आदेश अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मैडिकल स्टूडेंट्स के साथ-साथ आम लोगों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। आदेश ब्लड बैंक की टीम द्वारा 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जो थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। रक्तदान शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब शाहाबाद के प्रधान डा. आर.एस. घुम्मन और आदेश अस्पताल के एमडी डा. गुणतास सिंह गिल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डा.आर.एस. घुम्मन और डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए नियमित रक्त की आवश्यकता होती है और रक्तदान ही उनके जीवन की सबसे बड़ी उम्मीद बनता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को नयी उम्मीद देने का माध्यम है। डा. आर.एस. घुम्मन ने कहा कि समाज को थैलेसीमिया के प्रति जागरूक होने की जरूरत है ताकि समय रहते जांच और उपचार संभव हो सके। वहीं डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चे किसी से कम नहीं हैं। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा.एन.एस. लांबा, डा. विक्रांत, डा. अभितेष, डा. सौराभ, राजकुमार गर्ग, डा.एस.एस. आहुजा, विक्रम गुप्ता, महेश गोयल आदि मौजूद रहे।




## 586वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मानवता की मिसाल कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं थैलीसीमिया पीड़ति बच्चों को समर्पित दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त केंद्र में 586 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र के सचिव रमेश कुमार मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी ने शिविर की अध्यक्षता की। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में 21 इकाई रक्त संग्रह हुआ। मुख्यातिथि रमेश कुमार ने कहा कि आज का दिन पुरे विश्व में रेड क्रॉस के रूप में मनाया जाता है जो स्वार्थ मानव सेवा से जुड़ा हुआ है। नरेश सैनी ने कहा रक्तदान अति पुण्य का कार्य है।




कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

